डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | कार्तिक कृष्ण पक्ष,प्रतिपदा- 2082 | भोपाल,दिन वार,दिनांक 07 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

कांग्रेस का आरोप बीएलओ नियुक्ति में धांधली

भोपाल। नेता कांग्रेस ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के लिए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) नियुक्ति में अनियमितता का आरोप लगाया है। पार्टी के एसआईआर मॉनिटरिंग कमेटी चेयरमैन राजवान सिंह वर्मा ने कहा कि कई जिलों में कॉन्टेक्ट गार्ड, मिड-डे मील कर्मचारी, आंगनवाड़ी सहायिका और आउटसोर्सिंग कर्मियों को बीएलओ बनाया गया है, जो नियमों के विरुद्ध है। कांग्रेस ने इस मामले की शिकायत कलेक्टरों से की है।

छात्रों को सिखाएंगे साइबर सुरक्षा के तरीके

भोपाल। नव्य के आठों पुलिस ट्रेनिंग सेंटरों में पहली बार हुए ऑनलाइन साइबर क्विज में टॉप-25 नवआरक्षक अब साइबर एंबेसडर बनेंगे। ये अपने ट्रेनिंग सेंटरों के आसपास के स्कूल-कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के तरीके सिखाएंगे। 2530 आरक्षकों ने से 26 ने एक घंटे में 100 सवालों के सही जवाब दिए। डीजीपी कैलाश मकवाना ने सभी को 2-2 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है।

50 इलाकों में आज बिजली कटौती

भोपाल। भोपाल के लगभग 50 इलाकों में शुक्रवार को 1 से 6 घंटे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। मेंडोरा, विमलेश कुंज, गांधीनगर, कैलाश नगर, रचना नगर, पल्लवी नगर जैसे क्षेत्रों में मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। बिजली कंपनी ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक अलग-अलग इलाकों में लाइन सुधार और उपकरण जांच का काम चलेगा। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि जरूरी काम पहले ही निपटा लें ताकि असुविधा न हो।

बिहार-मुंबई और भोपाल-पटना के बीच स्पेशल ट्रेनें

भोपाल। त्योहारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने राहत देते हुए अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की है। बरौनी-बांद्रा टर्मिनस के बीच 7, 8 और 9 नवंबर को तीन ट्रेनें चलेंगी जो इटारसी होकर गुजरेंगी। इसके अलावा रानी कमलापति(हबीबगंज) स्पेशल ट्रेन की दो अतिरिक्त ट्रिप 8, 9, 11 और 12 नवंबर को चलेंगी। यह ट्रेन भोपाल, जबलपुर, कटनी, प्रयागराज होते हुए दानापुर पहुंचेगी, जिससे यात्रियों को यात्रा में सुविधा मिलेगी।

जमा रकम निकलवाने के नाम पर ठगी

भोपाल। भोपाल में एक महिला से 1.33 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी पक्ष रजक उर्फ शिवचरण रजक ने खुद को वकील बताकर कहा कि वह हाईकोर्ट में केस लगाकर सस्ता इंडिया में जमा 10 लाख रुपए की एफडी की रकम दिला देगा। महिला ने किस्तों में उसे पैसे दिए, लेकिन बाद में पता चला कि कोई केस दायर ही नहीं हुआ। शिकायत पर कोर्ट के आदेश से शाहजहांनाबाद पुलिस ने आरोपी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

'वंदे मातरम' के 150 साल पर गैरावन आज"

भोपाल। 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने पर शुक्रवार को प्रदेशभर में कार्यक्रम होंगे। भोपाल में मुख्य आयोजन शौर्य स्मारक पर सुबह 8.30 बजे होगा, जिसमें सीएम डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे।

बिहार चुनाव | बिहार चुनाव में सीएम डॉ. यादव ने किया धुंआधार प्रचार, विपक्षी पार्टियों पर साधा निशाना

बिहार में धर्म-अधर्म के बीच लड़ाई, किस मुंह से बात करेगी कांग्रेस पार्टी: मुख्यमंत्री

बिल्की विधानसभा और वजीरगंज विधानसभा में की चुनावी सभाएं

डॉ. यादव की सभाओं में जनसैलाब उमड़ पड़ा

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिहार का चुनाव धर्म और अधर्म के बीच की लड़ाई है। कांग्रेस पार्टी हमेशा अधर्म के साथ खड़ी रही है। वह किस मुंह से जनता से बात करेगी और अपने लिए वोट मांगेगी।

डॉ. यादव गुरुवार को बिहार में अपना धुंआधार प्रचार जारी रखते हुए मधुबनी जिले की बिल्की विधानसभा में हरिभूषण ठाकुर बचौल और गया जिले की वजीरगंज विधानसभा में वीरेंद्र सिंह के समर्थन में बड़ी चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने जनता से एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगा। वे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी तंज कसते रहे। डॉ. यादव की सभाओं में जनसैलाब उमड़ पड़ा। क्या बच्चे, क्या बूढ़े, क्या महिलाएं, क्या युवा, हर वर्ग उनकी बात सुनने सभा स्थल पहुंचा।

लोकतंत्र और अपनी गरिमा का ध्यान रखें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बिहार जाना होने से पहले एयरपोर्ट पर कहा कि बुधवार के साथ कहना पड़ रहा है कि एक विशेष वर्ग का चुनाव मुख्य हो गया है, ऐसे में ऐसा प्रतिष्ठित राहुल गांधी इंडिया चुनाव को मुद्दा उठाकर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। बाकी भी उन्होंने चुनाव आयोग की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल उठाए थे और सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। मेरा यही कहना है कि राहुल गांधी और अपनी गरिमा का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस नेता जिलों में एनडीए सरकार का मजाक कर रहे हैं। ऐसे में बिहार की जनता विकास चाहती है। इसलिए बिहार में फेस से नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनाने जा रही है।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने वजीरगंज में कहा- विपक्ष ने वोट बैंक के लिए आपस में लड़ाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वजीरगंज में विपक्ष के नेताओं को निशाना बनाकर कहा हमारे पास धन-दौलत में कोई अंतर नहीं है। लेकिन विपक्ष और उनके लोग आपसे में वोट बैंक के लिए लगातार साथ रहे लोगों को बांटने की कोशिश करेंगे। आपको बीच आपस-मतभेद देखा-पाया जायेगी है। जो नारी माँ के किसी बनाए। कांग्रेस के नेता परिवारवाद चलाने से छोड़ चुकता है तो वे चाहते हैं बिहार क्षेत्र-क्षेत्र-पाया राज्य है। बनाता जैसे वह बड़ी सही लगा है। साथ में उनकी बनाती लोगों की भीड़ जोड़ कर बनी रहेगा। उन्होंने कहा कि-

दूबती नैया देख राहुल लगाने लगे बेईमानी का आरोप

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मुख्य मुद्दा चलाकर। बिहार के नेता चुनाव में अपनेक और साथियों की नैया डूबती देख नेता कांग्रेस राहुल गांधी पैक जोड़ेंगे कर हरियाणा चुनाव में बेईमानी का दावा कर रहे हैं। राहुल कहा रहे हैं कि अब बिहार चुनाव में भी यही होगा। लेकिन, राहुल गांधी जिस मुद्दे पर कहते हैं कि जनता ने हराया वहीं हो रही है। अगर कांग्रेसी अपने पास आए हैं उनसे पूछिए कि क्या सभी उपलब्धि और कहना-देखना गए? बिहार में बनता इंजिन की सरकार में अब नया नीतीश का साथ भी उनेगा। डॉ. यादव ने उन्हें के इलाकेवाई के बाद विहार की सरकार मिली है।

सीएम डॉ. यादव ने कहा- मताधिकार जनता का सुदर्शन चक्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोग के मताधिकार प्रयोग ने हुआ के बेट बाहुबल को 100 प्रतिशत तक पहुंच ही गया है। इसी प्रकार आप लोगों भी साथ रखना, वोटिंग के दिन जैसे ही 11 नवंबर को आपके हाथ में ईवीएम के रूप में सुदर्शन चक्र आए, पूरा हिसाब चुकता करना। वोटिंग में मताधिकार ही जनता का सुदर्शन चक्र है। उन्होंने जनता से कहा कि साथ रखना नीतीश के सहयोगी ने अगोला में मंदिर की 12 एकड़ जमीन हथाई थी। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से आयोजन में मंदिर बन पाया है।

बेडरूम में पति, किचन में पत्नी की लाश घर में फैला खून

डीआर संवाददाता।। भोपाल

बालाघाट जिले के कटंगी क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। वार्ड क्रमांक 2 अर्जुन नाला में सिंचाई विभाग के रिटायर्ड इंजीनियर रमेश हाके (66) और उनकी पत्नी पुष्पकला हाके (60) की गला रेतकर हत्या कर दी गई। रमेश का शव बेडरूम में जबकि पत्नी का शव किचन में खून से लथपथ मिला। पूरे घर में खून फैला हुआ था। पुलिस को फर्श और दीवारें तक खून से सनी मिलीं। घर से सामान बिखरा हुआ था, जिससे अंदेशा है कि हत्या से पहले धमकी और हमलावरों के बीच संघर्ष हुआ होगा।

सुबह दूधवाला रोज की तरह दूध देने पहुंचा लेकिन दरवाजा नहीं खुला। पड़ोसी चाय ही रहने वाले रमेश हाके के भांजे धनश्याम लांजे को सूचना दी। जब धनश्याम घर में गया तो नाना-नानी के शव देखकर सन्न रह गया। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर एसडीओपी, एएसपी निहित उपाध्याय, एफएसएल और डॉग स्क्वाड की टीम पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि हत्या धारदार हथियार से की गई है। रमेश और पुष्पकला के दो बेटे नागपुर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। दिवाली पर वे नाना-नानी से मिलने आए थे और 28 अक्टूबर को लौट गए थे। फिलहाल पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी है।

कटंगी में यह दो महीने के भीतर दूसरी दंपती हत्या की वारदात है। इससे पहले 14 सितंबर को मोहगांव नाली में हार्डवेयर व्यापारी हेमेन्द्र बिरोन और उनकी पत्नी योगिता की हत्या की गई थी। दोनों मामलों में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे लोगों में दहशत और आक्रोश बढ़ गया है।

मरीज बैठे-डॉक्टर गायब, तीन पर कार्रवाई

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल में सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की लापरवाही पर सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने सख्ती दिखाई है। गुरुवार सुबह 8 से 11:30 बजे के बीच ओपीडी निरीक्षण में तीन डॉक्टर ड्यूटी से गैरहाजिर मिले। बागसेवनिया की डॉ. स्निग्धा लाड, कोलार की डॉ. सलोनी सिंह और हबीबिया स्कूल क्लिनिक की डॉ. सफीक खान को 7 दिन का वेतन काटने और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सीएमएचओ ने आदेश दिए कि अब सभी डॉक्टरों का वेतन तभी मिलेगा जब उनकी उपस्थिति 'सार्थक रूप' पर दर्ज होगी। अक्टूबर में जिनकी उपस्थिति नहीं दिखी, उनका वेतन रोका जाएगा।

भोपाल में भी बढ़ी ठंड, दिन का पारा 28.4 डिग्री

डीआर संवाददाता।। भोपाल

पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश का असर अब मध्यप्रदेश में भी दिखने लगा है। भोपाल में गुरुवार को दिन का तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रात का पारा 13 डिग्री तक लुढ़क गया। यह इस सीजन की अब तक की ठंडी रातों में से एक रही। इंदौर में तापमान 12.1 डिग्री और उज्जैन में 14.3 डिग्री रहा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या इंदु सुरेशन ने कहा कि अगले पांच दिनों तक प्रदेश में बारिश की संभावना नहीं है, लेकिन उत्तरी हवाओं के कारण ठंड और बढ़ेगी तथा रात का तापमान और नीचे जा सकता है।

तलवे चटवाए, चाकू से धमकाया और बाल खींचे, वीडियो वायरल के बाद युवक लापता

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मध्यप्रदेश के सीधी जिले के एक युवक के साथ गुजरात के सूरत में अमानवीय बर्ताव किया गया। वकायों ने उसे चाकू की नोक पर धमकाया, थप्पड़ मारे, बाल खींचे और सामने पैर के तलवे चटवाए। इस घटना के दो वीडियो सामने आए हैं, जिनमें युवक रोते हुए कह रहा है "मुझे माफ करो, मैं कभी सूरत नहीं आऊंगा।" आरोपी शख्स ने चाकू लिए धमकाते और गाली-गलौज करते नजर आ रहे हैं। लकड़ार सुर्ड गांव निवासी 26 वर्षीय युवक मजदूरी करने सूरत गया था। 6 नवंबर की रात उसका वीडियो वॉट्सऐप स्टेटस पर डाला गया, जिसके बाद से वह लापता है और मोबाइल भी बंद है। परिवार ने बहरी थाने में आवेदन देकर बेटे की खोज और सुरक्षा की मांग की है। पिता ने बताया कि बेटा परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य है और मां नेत्रहीन हैं। वीडियो देखने के बाद से परिवार में दहशत और चिंता का माहौल है। थाना प्रभारी राजेश पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वीडियो गुजरात का प्रतीत हो रहा है, इसलिए स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया है। परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है।

महिला ने दौड़कर पकड़ाय एक सवार ने जोड़े हाथ, दूसरा बोला- बेटी अस्पताल में है

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मध्य प्रदेश के 5 बड़े शहरों में हेलमेट नहीं पहनने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। मध्य प्रदेश के 5 बड़े शहरों- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और उज्जैन में आज से दोपहिया वाहन पर पीछे बैठने वालों के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य हो गया है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यह नियम पहले से है, लेकिन अब इसमें सख्ती बरती जाएगी।

4 साल की उम्र से बड़े सिलियन राइडर (दोपहिया वाहन सवारी के पीछे बैठने वाले) के हेलमेट न पहनने पर 300 रुपए का चालान बनाया है। डीसीपी टीके विश्वनाथ ने कहा- जिसकाल 5 बड़े शहरों में इसे लागू किया गया है। अगले चरण में इसे पूरे प्रदेश में लागू करेंगे।

इस अभियान के पहले दिन गुरुवार को भोपाल में ट्रैफिक पुलिस 20 पॉइंट्स पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान अलग-अलग नजारे सामने आए। किसी ने कहा कि पुलिसकर्मी सामने से गुजरा, तब चालान हो गई "कैसा? किसी ने कहा- बच्ची एजेंसिट है। फलवी में हेलमेट भूल गया।

तीरी नगर में एक सवार ट्रैफिक पुलिस के हाथ जोड़ते नजर आया। वहीं कुछ वाहन सवार चेकिंग देखकर पहले वाहन घुमाकर भाग निकले। लालघाटी चौराहे पर दोपहिया सवारों और पुलिस कर्मियों के बीच जमकर बहस भी हुई।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने केंद्रीय संसदीय समिति के सदस्यों से चर्चा

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के सामाजिक-आर्थिक और ढांचागत विकास तथा कल्याण के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। योजनाओं और कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य शासन विभिन्न सुझावों के प्रति संवेदनशील और सजग है और पूलिस कर्मियों के बीच जमकर बहस भी हुई।

केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास पहुंची अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण के लिए गठित केंद्रीय संसदीय समिति के सदस्यों के साथ चर्चा में यह बात कही।

केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष श्री कुलस्ते ने बताया कि अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय समिति द्वारा मैदानी स्तर पर समीक्षा की जा रही है। राज्य की कार्यकारियों के क्षेत्र में प्रतिनिधित्व और उनके लिए संचालित कल्याणकारी गतिविधियों की प्रगति का भी आंकलन किया जा रहा है।

विधान सभा सत्र | 1 नवंबर को विधानसभा में जानकारी मांगी, अब तक नहीं कराई

विधानसभा सत्र से पहले 17 साल पुराने शासकीय आश्वासनों का तोमर ने अधिकारियों को किया तलब अफसरं से मांगा हिसाब:

डीआर संवाददाता।। भोपाल

विधानसभा में लंबित आश्वासनों की सुनवाई होने जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने 17 सालों से पुराने रिकॉर्ड को खंगालने के बाद शासकीय आश्वासनों की सूची तैयार करके विभागों से जानकारी मांगी है। 19 नवंबर को विधानसभा में सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव को जवाब के साथ बैठक में शामिल होने के लिए निर्देश दिए हैं।

खास बात है कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने हद ही कर दी है। लंबित आश्वासनों के बारे में जानकारी ही विधानसभा सचिवालय को नहीं दी है, जबकि 1 नवंबर को विधानसभा सचिवालय को जल संसाधन विभाग की तरफ से जानकारी भेजनी थी। जल संसाधन विभाग के 160 से अधिक अफसरों को नोटिस जारी करके लंबित आश्वासन की जानकारी भेजने के लिए विभाग ने आदेश जारी किया है।

जल संसाधन विभाग के 160 से अधिक अफसरों को नोटिस जारी

10 नवंबर को होने वाली बैठक में राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, सहकारिता विभाग, जल संसाधन विभाग और औद्योगिक नीति विकास प्रोत्साहन विभाग के अफसरों को बुलाया गया है। सत्र के अनुसार लंबित आश्वासन की जानकारी भी लिखित या फिर लिखित रूप से अधिकारियों को देनी होगी। हालांकि अधिकारियों से एक और विषय पर जवाब मांगा गया है। विधायकों के सवाल पर जानकारी एकत्रित की जा रही है। ऐसा जवाब देने वाले अफसर के खिलाफ भी विभाग के अधिकारी एक्शन लेंगे। विधानसभा सचिवालय की तरफ से विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने खास तौर पर निर्देश जारी किए हैं कि अध्यक्ष ने सदन के दौरान विधायक का कोई सवाल स्वीकार किया है तो उसका जवाब आना चाहिए। 16 से 20 दिनों के भीतर विभाग को जवाब देना है। अगर जवाब नहीं दिया जाता है तो इससे संबंध में विभाग कार्रवाई करेंगे। हालांकि विधानसभा के नियम में यह उल्लेख नहीं है कि जानकारी एकत्रित की जा रही है।

विधायकों के सवाल पर 230 गजवाबों में लिखा- जानकारी एकत्रित की जा रही

पिछले विधानसभा सत्र के दौरान विधायकों ने कई मुद्दों को लेकर सवाल उठाए थे। जनता से जुड़े हुए मुद्दे पर विभाग ने कहा कि जानकारी एकत्रित की जा रही है। इस विषय पर विधानसभा सचिवालय ने गंभीरता से लिया है। विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि पिछली सदन की कार्रवाई के दौरान जिन पर यह जवाब आया कि जानकारी एकत्रित की जा रही है। उनकी जानकारी बुलाई जाए और आवेदन के माध्यम से उन्होंने थाने में दी थी। आवेदन की लंबी जांच के बाद कमला नगर पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की है। संदेह के आधार पर शिकायतिया के घर काम करने वाली तीन नौकरानियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। डीआई निरुपा पांडे ने बताया कि निर्मला स्वामंती गोमती कॉलोनी में रहती है और एक एनजीओ में बतौर एसोसिएट डायरेक्टर काम करती है। पैतृक संपत्ति में हिस्से के तौर पर उनकी मां को महीने पहले 25 लाख रुपए मीमत के दो सोने के बिस्किट दिए थे। जिसे उन्होंने अलमारी के लॉकर में सोने बिस्किट पेक किए, जिसके वे जेवरात बनवाना चाहती थी। तीनों नौकरानियों के नाम एफआईआर में संदेही के तौर पर दर्ज किया रखे गए स्थान पर बिस्किट नहीं मिलने पर उन्होंने थाने में शिकायत की।

महिला के घर से 25 लाख रुपए का सोना चोरी

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल के कमला नगर इलाके में रहने वाली एक एनजीओ की महिला एसोसिएट डायरेक्टर के घर से 25 लाख रुपए का सोना चोरी हो गया है। दो महीने पहले उनकी मां ने उन्हें सोने के दो बिस्किट हिस्से में दिए थे, जिन्हें उन्होंने घर के बेडरूम में रखी अलमारी के लॉकर में रख दिया था। दीपावली से पहले जब उन्होंने सोना चेक किया तो वह गायब था। जिसकी शिकायत आवेदन के माध्यम से उन्होंने थाने में की थी। आवेदन की लंबी जांच के बाद कमला नगर पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की है। संदेह के आधार पर शिकायतिया के घर काम करने वाली तीन

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंढा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक कृष्ण पक्ष,02- 2082 | सीहोर,दिन शुक्रवार,दिनांक 07 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के फार्म 9 तक भर सकेंगे

सीहोर। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि स्कूलवार 9 नवंबर कर दी है। परीक्षा शुल्क 10 नवंबर तक जमा कर सकेंगे। फोटोग्राफ्स व हस्ताक्षर अपलोड [illegible] पेन-एंड-पेपर मोड (ऑफलाइन) में आयोजित की जाएगी। कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयु 31 मार्च तक 10 से 12 वर्ष और कक्षा 9 के लिए 13 से 15 वर्ष होना चाहिए।

जिले के 50 स्कूल तंबाकू मुक्त घोषित

सीहोर। जिले में चल रहे टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत 50 स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है। यह अभियान 9 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक, 60 दिन तक चलेगा। कलेक्टर बालकृष्ण के ने कहा कि स्कूलों में तंबाकू मुक्त वातावरण बनाना बच्चों के स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रेरक कदम है। उन्होंने समाज के हर व्यक्ति से इस मुहिम से जुड़ने की अपील की। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 400 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए सभी स्कूलों को निर्देश जारी किए गए हैं। अब तक 50 स्कूलों ने तंबाकू मुक्त का दर्जा हासिल कर लिया है। तंबाकू नोडल अधिकारी डॉ. नेहा सिंह ने बताया कि इस उपलक्ष्य पर छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। रैली का उद्देश्य तंबाकू के दुष्प्रभावों को लेकर लोगों को जागरूक करना था। इसके साथ ही क्विजकला और निबंध प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। नागरिकों को तंबाकू से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

केमिस्ट्री विषय के इंटरव्यू 17 से

सीहोर। मप्र लोक सेवा आयोग (पीएससी) ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2022 के अंतिम बचे विषय केमिस्ट्री के इंटरव्यू की तारीख घोषित कर दी है। ये इंटरव्यू 17 नवंबर से शुरू होंगे। केमिस्ट्री के विषय में 160 पद हैं। इसके बाद केवल लाइब्रेरियन और स्पोर्ट्स ऑफिसर के इंटरव्यू की तारीखें घोषित होना बाकी हैं। जूलॉजी विषय का इंटरव्यू शेड्यूल भी जारी हो चुका है। इसकी इंटरव्यू 6 नवंबर से शुरू होंगे। इसमें कुल 115 पदों पर भर्ती की जाएगी।

नाबालिग बरामद, आरोपी गिरफ्तार

बिलकिसगंज। पुलिस ने 24 घंटे में नाबालिग बालिका को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया और आरोपी को जेल भेज दिया। 5 नवंबर को दर्ज शिकायत में बताया गया था कि 3 नवंबर की रात अज्ञात व्यक्ति बालिका को बहला-फुसलाकर ले गया था। एसडीओपी पूजा शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी संदीप मीणा की टीम ने जांच कर रेहटी क्षेत्र में दबिश दी। 6 नवंबर को बालिका को आरोपी के कब्जे से सुरक्षित बरामद किया गया।

सीहोर में मैराथन दौड़ 09 नवंबर को

सीहोर। रेडक्रॉस सोसाइटी एवं रोटरी क्लब द्वारा 09 नवंबर को सीहोर में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। यह मैराथन दौड़ 09 नवंबर को प्रातः 07 बजे एसआर बिहार इंदौर नाका से प्रारंभ होगी और आवासीय प्राचीर पर

कार्रवाई बीज और कीटनाशक के नमूने अमानक पाए जाने पर बड़ी कार्रवाई की गई है

अमानक उत्पाद बनाने वाली 9 कंपनियों के उत्पादों के विक्रय पर रोक, 1 विक्रेता का लाइसेंस निलंबित

5 के विरुद्ध भी निलंबन और प्रतिबंध की कार्रवाई की गई है।

डीआर संवाददाता>> सीहोर

बीज और कीटनाशक के नमूने अमानक पाए जाने पर बड़ी कार्रवाई की गई है। अमानक उत्पाद बनाने वाली 9 कंपनियों के उत्पादों के विक्रय पर जहां रोक लगाई गई है, वहीं एक विक्रेता का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। साथ ही अन्य 5 के विरुद्ध भी निलंबन और प्रतिबंध की कार्रवाई की गई है।

केंद्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र इंदौर के केंद्रीय कीटनाशी निरीक्षक एवं वनस्पति संरक्षण अधिकारी ने ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से सीहोर जिले

के अमलाहा जोड़ स्थित मेसर्स विकास ट्रेडर्स से पलीवरकुप (नाइट्रोजीन 50) नामक कीटनाशक का नमूना लिया था। प्रयोगशाला विश्लेषण में यह नमूना अमानक पाया गया है, जिसमें सक्रिय पदार्थ की मात्रा केवल 19.54 प्रतिशत पाई गई है।

कृषि विभाग के उप संचालक अशोक उपाध्याय ने बताया कि कीटनाशक अधिनियम अंतर्गत मेसर्स विकास ट्रेडर्स का कीटनाशक लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। इसके साथ ही इस कीटनाशक की निर्माता कंपनी गुजरात बायो एग्रो केमिकल्स इंडस्ट्रीज के खाद्य कीटनाशी उत्पादों के सीहोर जिले में विक्रय, भंडारण एवं वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

गैलंदा में पकड़ी थी 210 बोरी खाद:

गैलंदा में पिछले दिनों श्यामपुर निवेदा गांव के पास 210 बोरी खाद पकड़ी गई थी। नाव से जाकर इस खाद को विक्रय किया गया था। सूचना पर कार्रवाई की गई थी तो एक गोदाम से खाद की बोरियां मिली थी जिनों जब्त किया गया था। ग्रामीणों का कहना था कि यह नकली खाद है।

आमानक उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के विरूद्ध कार्रवाई:

इसी प्रकार कुछ बीज उत्पादक कंपनियों के उत्पादों के विक्रय पर जिले में प्रतिबंध लगाया गया है। इनमें कालकी सीड्स नरसीर, के. डी.एन सीड्स, कनसीड्स कार्बो लेबनान, एमएस के एग्री सीड्स

सरदुल्लगढ़ मानसा पंजाब, ग्रीन एग्रीबोलुशन प्राइवेट लिमि गुरुग्राम हरियाणा, कानटेक सीड्स प्रायवेट प्लाट सिकन्दराबाद तेलंगाना, अंकुर सीड्स प्राइवेट लिमि. नागपुर, शीना बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड तेलंगाना शामिल हैं

इन पर हुई कार्रवाई

जिन बीज विक्रेताओं के विरूद्ध कार्रवाई की गई है, उनमें मेसर्स बरसेरी सीड ऑर्गेनिक फार्मर प्रोडयूसर कंपनी लिमिटेड सीहोर, मेसर्स जीवन ट्रेडिंग कंपनी मंडी सीहोर, मेसर्स सोनल पेस्टिसाइड्स रेहटी, मेसर्स शिवशक्ति इरिगेशन गैलंदा, मेसर्स सील कृषि सेवा केन्द्र गैलंदा शामिल हैं।

नक्शा सुधार में देरी...वजह पूछने पर पटवारी ने जड़ा थप्पड़

डीआर संवाददाता>> सीहोर

जिले की गैरतगंज तहसील के पांगोर गांव में एक महिला और पटवारी के बीच विवाद का मामला सामने आया है। हल्का नंबर 45 की पटवारी अंशिका पुर्वी पर आरोप है कि उन्होंने नक्शा सुधार में देरी को लेकर फुटबाल करने आई महिला साक्षी गेहरा से मारपीट की। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों के बीच तीखी बहस और हाथापाई की कोशिश साफ देखी जा सकती है। पीड़िता ने पटवारी पर काम में लापरवाही और लापरवाह से लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मामला नगरकार दोकान का बताया जा रहा है। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया है।

पीड़िता बोली- पटवारी काम में आनाकानी कर रही

साक्षी गेहरा ने बताया कि उन्होंने अपने खेत का नक्शा दुरुस्त कराने के लिए लगभग आठ माह पहले आवेदन दिया था, लेकिन पटवारी लगातार काम में आनाकानी कर रही थी। मंगलवार को जब वह अपने मामा के साथ देरी का कारण पूछने पटवारी के पास पहुंची। इस पर पटवारी आनाकानी करने लगी। इसके बाद उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। साक्षी गेहरा ने बताया कि पटवारी उनके बार-बार परेशान कर रहे हैं। वहीं, शासन के निर्देशों के अनुसार डिजिटाईजी को तय समय सीमा के भीतर प्रारंभ उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

तहसीलदार बोले- मामले की जांच कराएंगे

विवाद की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे तहसीलदार सौरभ शर्मा ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया। महिला शिकायती साक्षी गेहरा ने पटवारी के खिलाफ काम नहीं करने और मारपीट की लिखित शिकायत तहसीलदार को दी है। तहसीलदार सौरभ शर्मा ने कहा, मामले की आगे जांच की जाएगी और वायरल वीडियो तथा अन्य तथ्यों के आधार पर दोषी पाए जाने पर संबंधित पटवारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

किसानों ने डांडिया नृत्य कर जताया आभार

डीआर संवाददाता>> सीहोर

मध्य प्रदेश के किसानों की बिजली कटौती संबंधी शिकायतें खत्म हो गई हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 10 घंटे से अधिक बिजली देने पर किसानों अधिकारी-कर्मचारियों से वसूली के आदेश को रद्द कर दिया है। इस आदेश से किसानों में भारी असंतोष था, क्योंकि गेहूं की फसल के समय बिजली फाल्ट और कटौती के कारण उन्हें पहले ही पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था।

बिजली कटौती से हो रही थी परेशानी

किसान एवं समाजसेवी एनएस गेवाडा ने बताया कि किसानों को निर्धारित 10 घंटे भी पूरी बिजली नहीं मिल पा रही थी। बार-बार फाल्ट होने से सिंचाई का समय कम हो जाता था, जिससे फसलों की सिंचाई पर संकट पहुंच गया था। इस मुद्दे पर खबरें प्रकाशित होने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तत्काल आदेश निरस्त कर दिया। मुख्यमंत्री ने विद्युत मंडल के मीफ इंजीनियर एवं जोन को हटाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई।

किसानों ने जताया आभार

सीहोर जिले के ग्राम नंगेरी के किसानों ने बसंतोटी रोड-स्टेशन पर एनएस गेवाडा किसान एवं समाजसेवी एनएस गेवाडा के नेतृत्व में आभार व्यक्त किया।

युवक ने चाकू लहराकर बुजुर्ग को धमकायाय आरोपी पर पहले से दर्ज हैं मामलें

डीआर संवाददाता>> सीहोर

सीहोर में एक युवक द्वारा चाकू दिखाकर एक बुजुर्ग को धमकाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक राहगीर बाजार युवक बुजुर्ग से अभद्रता करते हुए उसे चाकू से डराता दिख रहा है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक आपराधिक प्रवृत्ति का है और उस पर विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं। इधर पुलिस भी इस युवक की

तलाश कर रही है।

इस वीडियो को लेकर आमजन में पुलिस की कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े इस तरह की आपराधिक गतिविधियां चिंताजनक हैं। थाना सोमवारी टीआई रविंद्र यादव ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। हालांकि, पीड़िता पक्ष ने अभी तक थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस वीडियो से दिख रहे युवक की तलाश कर रही है, जिसके खिलाफ कोतवाली में पहले भी मामले दर्ज हैं।

संशोधित-सामाजिक कार्यकर्ता अतिया ओसाफ ग्लोबल एनसेएबिलिट अवार्ड से किया सम्मानित

डीआर संवाददाता>> सीहोर

देश की राजधानी नई दिल्ली में सीहोर की सामाजिक कार्यकर्ता बालिका शिक्षा समाज कल्याण समिति संचालक समाजसेवी अतिया ओसाफ को ग्लोबल एनसेएबिलिट अवार्ड से किया सम्मानित किया गया है। लगातार 14 सालों से अपनी समिति के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा सामग्री, नशा मुक्ति अभियान, निःशुल्क चिकित्सा सहायता के अलावा एक दर्जन से अधिक अभियानों के माध्यम से सेवा कार्य करने वाली देश की विशेष महिला का खिताब प्राप्त होने पर संस्कार मंच, श्रद्धा भक्ति सेवा समिति, सीहोर जनहित समिति सहित अन्य संगठनों ने अतिया ओसाफ को बधाई दी है।

समिति के संचालक अतिया ओसाफ ने बताया कि लोयल एनसेएबिलिट अवार्ड यह एक संगठन है जो विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों की सफलता और उपलब्धियों को मान्यता देता है। बालिका शिक्षा समाज कल्याण समिति द्वारा निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा कार्य करते हुए संस्था द्वारा सामाजिक कार्यों की जिम्मेदारी निभाने कर कम लागत में किस प्रकार से बिना किसी से आर्थिक सहायता लिए बिना अपने स्तर से जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार शिक्षा स्वास्थ एवं सम्मानित जीवन जीने योग्य बनाना एवं सुरक्षा भाव पैदा करने के लगातार प्रयास में सफलता प्राप्त करते हुए संस्था ने ग्लोबल एनसेएबिलिटी अवॉर्ड से गरुवार द्वारा सम्मानित होने पर इस सब को गौरवांवित किया गया है।

सर्व सेन संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने कामेंद्र

रेहटी। राष्ट्रीय सर्व सेन समाज संगठन ने समाजहित में नई ऊर्जा के साथ काम करने के लिए नियुक्तियां की हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरेलाल सेन की अनुशंसा और पदाधिकारियों की सहमति से कामेंद्र सेन को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनकी नियुक्ति पर समाज में खुशी का माहौल है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष गोरेलाल सेन ने कामेंद्र को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, उन्हें भरोसा है कि कामेंद्र समाज की एकता, संगठन के विकास और सम्मान के लिए ईमानदारी और समर्पण से काम करेंगे। अध्यक्ष अजीत सेन, अजय सेन, मुकेश सेन, भी उन्हें बधाई दी।

पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय ने किया सिख समाज के नगर कर्तिन का स्वागत

डीआर संवाददाता>> सीहोर

हर साल की तरह इस साल गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सिख समाज ने शहर में भव्य नगर संकीर्तन जुलूस निकाला गया। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय के नेतृत्व में शहर के गांधी चौक पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गुरुद्वारा साहिब से हुई, जहां से पंज प्यारे की अगुवाई में श्रद्धालु नारे लगाते और भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े। जगह-जगह लोगों ने फूलों की वर्षा कर जुलूस का स्वागत किया।

जुलूस में साथ हुए रथों और झांकियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। आगे पंज प्यारे ध्वजा लेकर चल रहे थे, जबकि गुरु नानक देव जी की तस्वीर को बड़ी श्रद्धा के साथ पालकी में निकाला गया। विशेष पालकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। नगर के लोग गर्म के दोनों ओर खड़े होकर श्वेत से निहाल, सत श्री अकालम के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजा रहे थे।

श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा माहौल

नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। महिलाएं भक्ति गीत और भजन गा रही थीं, जबकि पुरुष शब्द कीर्तन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। हर चौराहे पर भक्ति और आस्था झलक रही थी। बच्चों को लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने गुरु नानक देव जी की पालकी पर माथा टेककर आशीर्वाद लिया। पूरे शहर में धार्मिक उल्लास का माहौल रहा। प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन किया गया था।

मौसम पहाड़ों पर बर्फबारी का असर, अब रात का पारा लुढ़ककर 15 डिग्री पर

अगले 47 घंटेमें पड़ने लगेगी तेज ठंड, पारा 10 डिग्री से कम होने की संभावना

डीआर संवाददाता>> सीहोर

पिछले तीन दिन से रात के तापमान में लगातार गिरावट हो रही है। स्थिति यह है कि लगातार दो दिन से रात के तापमान में 6 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री रिकार्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान सीधे 15 डिग्री पर रहा। जबकि एक दिन पहले बुधवार को न्यूनतम तापमान 17.5 और मंगलवार

को न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग का मानना है कि पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी का असर अंचल में हो रहा है। अगले 48 घंटे में तेज ठंड पड़ने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। आरएके कॉलेज स्थित कामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि इस बार अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में बने मौसमी सिस्टम के कारण बंगाल की खाड़ी और अरब सागर दोनों तरफ से नमी

चुकर के समय हल्की धूप का असर दिखाई देने लगा है। आ रही है। जिससे बादल छाए रहे। इस वजह से दिन का तापमान नहीं बढ़ सका। इधर साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम के प्रभित्र होने से जिले में मौसम का मिजाज अब बदलने लगा है जिसके कारण सुबह और शाम के समय ठंड का अहसास होने लगा है।

अब पड़ेगी तेज ठंड मौसम विशेषज्ञ डॉ. तोमर ने कहा कि ठंड को प्रभावित करने वाला वेस्टर्न डिस्टर्न गिरलाल एक्टिव होता नजर नहीं आ रहा है। वहीं पहाड़ी इलाकों में भी बर्फबारी शुरू हो गई है। आसमान साफ होते ही उत्तर से आने वाली हवा अपने साथ जोरदार ठंड लेकर आएगी। दिन के तापमान में भी गिरावट आएगी।

प्रतिस्पर्धा में जीतने से महत्वपूर्ण है भागीदारी व अनुभव

डीआर संवाददाता>> सीहोर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, महेश्वर अवार्ड शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार से तीन दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव शुरू हुआ। इस अवसर पर जिला सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. वर्तिका जोशन, शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री और युवा उत्सव प्रभारी डॉ. देवेंद्र मालवे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ. रविशंकर कुमार शर्मा ने कहा कि महाविद्यालयीन जीवन केवल पठन-पाठन तक सीमित नहीं होना चाहिए। विद्यार्थियों को विविध प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिस्पर्धा में जीतने से अधिक महत्वपूर्ण भागीदारी और अनुभव होता है। हार-जिता पर दिए तर्क डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, निष्ठा और समर्पण की भावना विकसित करते हैं।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, शैरूंढा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | कार्तिक कृष्ण पक्ष,02- 2082 | सीहोर,दिन शुक्रवार,दिनांक 07 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

राजस्व मंत्री श्री वर्मा का दौरा कार्यक्रम

राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 07 नवंबर को प्रातः 09:25 बजे सीहोर स्थित पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस पहुंचेंगे और कॉलेज में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

विधायक ने सुशीला देवी शर्मा दी श्रद्धांजलि

आष्टा। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कन्नौद पहुंचकर देवास जिले की खातेगांव-कन्नौद विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा की माता सुशीला देवी शर्मा के निधन पर उनके निज-निवास कन्नौद पहुंचकर चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं शोकाकुल शर्मा परिवार के सदस्यों से मिलकर सांत्वना प्रकट की।

स्वामी अवधेशानंद के प्रकटोत्सव पर पादुका पूजन और भजन

आष्टा। जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद जी महाराज के प्रकटोत्सव पर विशेष कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में विप्र वैदिक मंडल ने स्वामी अवधेशानंद के चित्र के समक्ष पादुका पूजन किया। इंदौर से आए वरिष्ठ भजन गायक पंडित सुधीर व्यास का सम्मान किया गया। उन्हें पुष्पमाला पहनाई गई। साफी और श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। मंच पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लोकेश परमार का भी स्वागत हुआ। कार्यक्रम में विप्र वैदिक मंडल के संस्थापक पंडित रामभरोस शर्मा, पंडित गजेंद्र शास्त्री, मंडल अध्यक्ष मनीष पंडया, उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष व मीडिया प्रभारी रघुनंदन शर्मा सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

चार्टर्ड अकाउंटेंसी में मेहविश सफल

आष्टा। देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल आष्टा की कुर्रे हैड गर्ल रैम्पेक मेहविश ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी फाउंडेशन परीक्षा पास की। इस सफलता से परिवार, शिक्षक और स्कूल का नाम रोशन किया। पिछले साल की हैड गर्ल वनिष्का रणवीरसिंह का चयन इटली की पादुआ यूनिवर्सिटी में इन्जीनियरिंग टेक्नोलॉजी की पढ़ाई के लिए हुआ था। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. रागीता सिंहा ने कहा, दोनों छात्राओं की उपलब्धियां स्कूल की शिक्षा गुणवत्ता और समर्पित शिक्षकों का परिणाम हैं। उन्होंने कहा, स्कूल का उद्देश्य सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं है। यहां बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाने पर भी जोर दिया जाता है। इस मौके पर विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

कृषि उपज मंडी 20363 क्विंटल की रही आवक

आष्टा। गुरुवार को कृषि उपज मंडी में कुल आवक 20363 क्विंटल की रही। इस दौरान गेहूं सुजाता 3040 से 3150, गेहूं लोकमान 2860 से 3175, गेहूं पूर्णा 2850 से 3072, गेहूं मालवाशक्ति 2530 से 2643, गेहूं मिल 2352 से 2560, चना काटा 3275 से 5620, चना नीलमी 4800 से 5760, चना सफेद 7801 से 8071, चना कांटा 5400 से 5830, सोयाबीन पीला 2200 से 6070, राई 6401 से 7405, मसूर 6171 से 6371, मक्का 1202 से 1897, मूंग 6802 रुपए प्रति क्विंटल नीलाम हुआ। वहीं कल सब्जी मंडी में प्याज 201 से 1051, लहसुन 900 से 6380 रुपए प्रति क्विंटल नीलाम हुआ। कुल आवक 1684 क्विंटल रही। आगे आवक बढ़ने की उम्मीद

आशंका पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार, सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं

गैस फैक्ट्री के ऑपरेटर की संदिग्ध मौत, गले से लिपटा पाइप, पिता ने जताई हत्या की आशंका

डीआर संवाददाता» आष्टा

पवाया निवासी 23 वर्षीय आकाश परमार का शव अनरोद स्थित आईएचबी गैस फैक्ट्री में मिला, प्रकरण दर्ज पुलिस जांच में जुटी

दोराहा थाना अंतर्गत अनरोद स्थित आईएचबी गैस फैक्ट्री में काम करने वाले 23 वर्षीय एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पवाया निवासी आकाश परमार पिता राकेश परमार जो फैक्ट्री में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था, उसका शव दो दिन पहले फैक्ट्री के अंदर मिला। यह मामला इसलिए, और भी संदिग्ध हो गया है, क्योंकि मृतक के गले और माइंडेड पार्ट से लिपटा पाइप आया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है और पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

मृतक आकाश परमार के हितेश परमार का भतीजा था। मृतक के पिता राकेश परमार ने सीधे तौर पर बेटे की हत्या का संदेह जताया है। उन्होंने बताया कि मेरे बेटे को किसी ने हत्या की है, जिस तरह से उसका शव मिला है, वह सामान्य नहीं है। हम चाहते हैं कि पुलिस जल्द से जल्द सही जांच करे और दोषियों को पकड़े। दीवार खुरकर गए

पुलिस खंगाल रही फुटेज

2 मामले की सूचना मिलते ही दोराहा थाना प्रभारी राकेश जिल्ल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शवों की पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाए कि यह आत्महत्या है या हत्या। टीआई जिल्ल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि घटना के समय की गतिविधियों का पता चल सके साथ ही मृतक का मोबाइल फोन जब्त किया गया है।

अंदर, तो मिला शव बताया जा रहा है कि 3 नवंबर को सुबह जब दूसरी शिफ्ट का कर्मचारी आया और उसने दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। फोन भी लगाया गया, लेकिन आवाज ने नहीं उठाया। जिसके बाद साथी कर्मचारी ऊपर दीवार से चढ़कर अंदर गए, तो उन्हें आकाश का शव पड़ा हुआ मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस व परिजनों को सूचित किया गया।

हमीदिया अस्पताल में कराया गया है। पुलिस शिवहाल मौत के सही कारण का खुलासा के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाए कि यह आत्महत्या है या हत्या। टीआई जिल्ल ने बताया

निर्देशानुसार जिले में संचालित किया जा रहा विशेष अभियान

डीआर संवाददाता» भैरूंदा

कलेक्टर श्री बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में संचालित किए जा रहे टॉबेको फ्री यूथ कैंपेन 30 के तहत सीहोर जिले के 50 स्कूलों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है। कलेक्टर श्री बाला गुरु के. ने कहा है कि विद्यालयों में तंबाकू मुक्त वातावरण तैयार करना बच्चों के स्वस्थ जीवन की दिशा में एक प्रेरक पहल है। समाज के हर व्यक्ति को इस मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 09 अक्टूबर से 09 दिसंबर तक 60 दिवसीय विशेष अभियान टॉबेको फ्री यूथ कैंपेन 30 चलाया जा रहा है। जागरूक इस अभियान के तहत सीहोर जिले के 400 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाने का लक्ष्य प्रदान करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत सीहोर जिले के 50 स्कूलों को तंबाकू मुक्त बनाया जा चुका है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू से होने वाली घातक बीमारियों से बचाना और जागरूक करना है।

तंबाकू नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह ने बताया कि इस उपलब्धि के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता के उद्देश्य से जानकारपरक रैली निकाली गई। इसके साथ ही चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिले के अनेक स्कूलों तंबाकू निषेध की शपथ भी दिलाई गई।

9वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के तहत जिला स्तरीय युवा उत्सव आयोजित

डीआर संवाददाता» सीहोर

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में भारतकुलिक और नवाचार» की थीम पर 29 वे राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के प्रथम चरण के तहत सीहोर के शासकीय अग्रवाल खेलकूद संस्थान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया।

युवा उत्सव में लगभग विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं, जिसमें भाषण, वोटिंग, कहानी लेखन, चित्रांकन गेला, कविता लेखन, समूह लोकगीत गायन, समूह लोक नृत्य जैसी विधाएं शामिल थीं। इन विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती रुचिका देशान सहित निर्णायक मंडल एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

रायसेन की लगातार दूसरी हार, विदिशा ने 124 रन के विशाल अंतर से हराया

डीआर संवाददाता» सीहोर

शहर के नये मैदान पर भोपाल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में होली का सही मिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन लगातार रायसेन को दूसरी हार का सामना करना पड़ा इस मैच में विदिशा की विनिंग टीम ने रायसेन टीम को 124 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में कृष्णकुमार ने 84 गेंद पर 98 रन की विस्फोटक पारी खेली, इसके अलावा टीम के दो अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ी कार्तिकेय ने 58 गेंद पर 78 रन बनाए। इस मैच पर इस मैच के पर्यवेक्षक अतुल सिंगरी, एसोसिएशन के लोकपाल वीके वर्मा, मैच के निर्णायक नागेन्द्र व्यास, विदिशा टीम के पर्यवेक्षक गुंजन सक्सेना, मनोज दीक्षित नाना, धर्मेन्द्र मालेकरी, मदन कुशवाह, आनुष बुच्चा आदि ने शानदार पारी खेलने वाले कृष्णकुमार, कार्तिकेय का उत्साहवर्धन किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी विदिशा टीम ने नौ विकेट खोकर 40 ओवर में 294 रन बनाए थे। इसमें कृष्णकुमार ने 98 रन, कार्तिकेय ने 78 रन की पारी खेली। वहीं रायसेन की ओर से गेंदबाजी करते जोयेब-निजाम ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। जवाब का पीछा करने उतरी रायसेन की टीम विदिशा टीम की घातक गेंदबाजी से मात्र 33 ओवर में 170 रन पर ढेर हो गई। इसमें कार्तिक ने 44 रन बनाए। इधर विदिशा टीम की ओर से कार्तिकेय अवधान ने चार विकेट और वेग ने तीन विकेट हासिल किए हैं।

आज सीहोर-विदिशा के मध्य खेला जाएगा मुकाबला

डीसीए के मीडिया प्रभारी विवेकु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार को सुबह नौ बजे सीहोर-विदिशा के मध्य मुकाबला खेला जाएगा। दोनों ही टीम ने रायसेन को विशाल अंतर से हराया।

राम जानकी मंदिर में 150 सालों से जारी है अन्नकूट महोत्सव की परम्परा

डीआर संवाददाता» सीहोर

शहर के लावनी बग्गी खाने स्थित प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर में शर्मा परिवार के सहयोग से करीब 150 सालों से अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर सवा 7:30 बजे मंदिर परिसर में भगवान के समक्ष 56 भोग लगाकर आरती के पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण किया गया।

इस मौके पर भागवत भूषण कथा वाचक पंडित अखिलेश महाराज ने कहा कि पूर्वजों की परम्परा के अनुसार विगत करीब 150 सालों से लगातार पूर्णिमा के अवसर पर यहां पर विधि-विधान से अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। देव दिवाली वाली देवताओं की दीपावली। इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक दैत्य का वध किया था। इसके बाद सभी देवताओं ने खुशी पर आकर दीपक जलाए थे। सेव दिवाली पर स्नान करके दीपक जलाने से सभी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है साथ ही माता लक्ष्मी की कृपा से कभी भी धन धान्य की कमी नहीं होती है। इस दिन वैसे तो गंगा के किनारे जाकर दीप दान करना चाहिए। यदि आप ऐसा नहीं कर पा रहे हैं तो अपने घर पर ही 5 स्थानों पर दीप जरूर जलाएं। उत्सव में ज्यादे संत श्री ऊधवदास जी ने उसमें आशीष वचनों से अन्नकूट की महिमा का सुंदर वर्णन किया। कार्तिक माह में अन्नकूट लगाए जाने की परम्परा है।

आष्टा यंग ब्रदर्स फाइनल में, पेनल्टी

आष्टा। सुभाष स्टेडियम पर चल रहा क्रिकेटर कप फुटबॉल टूर्नामेंट अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। टूर्नामेंट के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहला सेमीफाइनल आष्टा यंग ब्रदर्स और इंटरसिटी के बीच खेला गया। मुकाबला बेहद रोमांचक रहा दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 रहा। इसके बाद पेनल्टी शूट आउट से फैसला हल हुआ। यंग ब्रदर्स आष्टा ने जीत हासिल की। आयोजन समिति अध्यक्ष मिलो कालकर वेल, उपाध्यक्ष मुकेश गई, सचिव उमेश

पंडित सुधीर व्यास ने देर रात तक सुमधुर भजनों की दी प्रस्तुति

डीआर संवाददाता» सीहोर

गनु प्रेमी संघ द्वारा स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संघ द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। सुविख्यात भजन गायक पं. सुधीर व्यास ने कार्यक्रम में भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वे अपने ये दमक मुखड़ान में मोहक सावधुक सरकार मुन्नी से है की पंडित व्यास ने सबसे अंदिर में सुनाया जिसे सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने खड़े होकर व हाथ जोड़कर भक्ति भाव से सुना वहीं बड़ी संख्या में उपस्थित युवा वर्ग ने अपने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पंडित व्यास ने मीरा, राधा से सम्बंधित कृष्ण भजनों को भी अपने अनूठे अंदाज में प्रस्तुत किया। अपने सबसे लोकप्रिय भजन के चमक वे दमक मुखड़ान में मोहक सावधुक सरकार मुन्नी से है की पंडित व्यास ने सबसे अंदिर में सुनाया जिसे सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने खड़े होकर व हाथ जोड़कर भक्ति भाव से सुना वहीं बड़ी संख्या में उपस्थित युवा वर्ग ने अपने मोबाइल की मेमोरी में इस पल को न केवल कैद किया बल्कि उस एहसास को उन्होंने जिया भी। आयोजन स्थल को सुंदर तरीके से फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को आत्मानिर्भरता से जोड़ते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, गणों एवं अनेक गणमान्य अतिथियों की सहभागिता रही।

समीक्षा बैठक बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने शिक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा

पहले खुद अनुशासन सीखें, फिर बच्चों को सिखाएं - कलेक्टर

डीआर संवाददाता» सीहोर

कलेक्ट्रेट सभागक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने शिक्षा विभाग की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति, ई-अटेंडेंस प्रणाली, नामांकन की स्थिति, साइल्ड ट्रैकिंग एवं शैक्षणिक अनुशासन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले शिक्षकों को फटकार लगाते हुए कहा कि तभी सुधरेंगे जब शिक्षक अपने दायित्वों का पालन पूरी निष्ठा से करेंगे।

उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूलों का औचक निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान यदि किसी शिक्षक की दिना सूचना अनुपस्थिति या अन्य अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध नोटिस जारी किया जाए और गंभीर मामलों में निलंबन की कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्मचारियों में लापरवाही बरतने वालों को किसी भी स्थिति में क्षमा नहीं जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना मायन ने भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी शिक्षा व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए प्राथमिकता के कार्य करें और प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करें।

उप मुख्यमंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

डीआर संवाददाता» जावर।

मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का बुधवार को भोपाल से इंदौर जाते समय जावर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पमाला पहनाई और दुआएं ओझाया। इस दौरान क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत कराया गया। उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि भाजपा ने कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है।

आज हम जो कुछ भी है, कार्यकर्ताओं की मेहनत से है। कार्यकर्ताओं के दम पर ही पार्षद से लेकर प्रधानमंत्री तक भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। साथ ही अगली बार आप सभी के साथ चाय पर चर्चा करेंगे।

इस मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जय सिंह राठौर, नगर परिषद उपाध्यक्ष तेज सिंह कल्याण पार्षद वीरेंद्र सिंह राठौर, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | कार्तिक शुक्ल पक्ष-9,2082 | विदिशा, दिन शुकवार ,दिनांक 07 नवम्बर 2025

न्यूज गैलरी

आज जिपं अध्यक्ष करेंगी सुबह से शाम तक समीक्षा

विदिशा। जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी आज शुक्रवार को बैठक लेंगी। यह बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष कक्ष में होगी। जिसमें सुबह 11:30 से 12:30 बजे तक विद्युत विभाग, 12:30 से 1:30 बजे तक लोक निर्माण विभाग, 2 से 3 बजे तक आदिम जाति कल्याण विभाग तथा 3 से 4 बजे तक जल निगम, जलकूर्ति विभाग की समीक्षा की जाएगी। जिले के नागरिक, किसान, छात्र, सर्पंच व अभियंता विभागीय समस्याओं का संक्षिप्त लिखित विवरण बैठक के समय से आधा घंटा पूर्व प्रस्तुत कर सकेंगे। अधिकारियों की उपस्थिति में सीधे सुनवाई कर त्वरित समाधान किया जाएगा।

राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आज

विदिशा। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ को देश भर में 7 नवम्बर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक समारोह पूर्वक आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। विदिशा जिले में भी आयोजन की शुरुआत आज 9:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सम्पूर्ण गायन से की जाएगी।

जनजातीय गौरव दिवस के तहत प्रदर्शन आज

विदिशा। भगवान बिरसा मुंडा की150 जयंती के समापन वर्ष जनजातीय गौरव के तहत आज शुक्रवार को चित्र कला कर प्रदर्शन स्टॉलों के माध्यम से किया जाएगा। संस्कृति, जनजातीय कार्य एवं पारंपरिक विकास और महिला एवं बाल विकास विभाग, जन विभाग के सहयोग से जिले की सभी अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति विभाग के सीनियर तथा महाविद्यालयीन छात्रावासों में जनजातीय गौरव कार्य प्रदर्शन स्टॉलों के माध्यम से किया जाएगा।

युवक कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बने देव साहू

विदिशा। युवक कांग्रेस के चुनाव में विदिशा ब्लॉक युवक कांग्रेस सिविल लाइन क्षेत्र से अध्यक्ष पद पर देव साहू भारी मतों से निर्वाचित हुए हैं। देव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रवि साहू के बेटे हैं। प्रतिष्ठा पूर्ण हुए चुनाव में जहां देव साहू को 372 वोट मिले। वहीं उनके प्रतिद्वंदी शरीफ खंगार को 57 वोट मिले। देव साहू भारी मतों से निर्वाचित होने पर साहू भाव कई वरिष्ठ कांग्रेस जन और सामाजिक लोगों ने बधाई दी।

मतदाता सूची का निरीक्षण किया

विदिशा। भारत निर्वाचन आयोग के अभिव किरीट सुन्दर एवं गंज के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश यादव ने विधानसभा क्षेत्र 144 विदिशा के माध्यम केंद्र क्रमांक 65, ग्राम हिरण्डई में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बीएलओ अर्चना त्रिपाठी से सूची में नाम जोड़ने, संशोधन व विलोपन की प्रक्रियाओं की जानकारी लेकर वितरित गणना पत्रकों की भी जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पात्र मतदाताओं तक प्रपत्र व सूचना समय पर पहुंचे और कोई भी नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

न्यायोत्सव विधिक सप्ताह 9 से 14 तक

विदिशा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम के मार्गदर्शन में न्यायालय समागम में न्यायोत्सव विधिक सप्ताह (9 से 14 नवंबर) की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

किसान कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, एफसीआई खरीदी नीति पर चिंता जताई

एफसीआई के नियम तो कमर तोड़ देंगे, औने-पौने दाम पर उपज बेचने मजबूर होंगे

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

मध्य में फसल खरीद नीति को लेकर जारी असंतोष के बीच गुरुवार को जिला किसान कांग्रेस ने मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदेश किसान कांग्रेस के निर्देश पर कार्यकर्ता विवेकानंद चौराहे पर एकत्रित हुए, प्रतिमा पर मालार्पण किया और इसके बाद जिला अध्यक्ष दिनीत दांगी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में राज्य सरकार द्वारा डीसीपी (विकेंद्रीकृत उपार्जन प्रणाली) से हटाकर एफसीआई (भारतीय खाद्य निगम) के माध्यम से सीधी खरीद के प्रस्ताव का कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। ज्ञापन सौंपने के बाद मीडिया से बात करते हुए दिनीत दांगी ने सरकार के फैसले को किसानों के हितों के विरुद्ध बताते हुए कहा कि एफसीआई के गुणवत्ता मानक अत्यधिक कठोर हैं। जरा सी नमी, कचरा या ओलावृष्टि से दाना काला-सफेद होने पर भी बड़ी मात्रा में फसल रिजेक्ट कर दी जाती है।

विदिशा। विवेकानंद चौराहे पर इकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन।

डीसीपी बनाम एफसीआई, किसानों का असली मुद्दा है

डीसीपी में राज्य सरकार उपार्जन है, जिसमें अपेक्षाकृत सरल होते हैं और रिजेक्शन कम होता है। एफसीआई में गुणवत्ता मानक कठोर हैं, नमी-कचरा आदि पर कड़ी जांच होती है जिससे रिजेक्शन की दर बढ़ जाती है। किसान कांग्रेस का कहना है कि ऐसे में किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

मिले वर्षों में कई केंद्रों पर 30-40: तक उपज अस्वीकृत हुई

पिछले वर्षों में कई केंद्रों पर 30-40 तक उपज अस्वीकृत हुई थी। ऐसे में किसान मजबूर होकर व्यापारियों को इनको मने कम, औने-पौने दामों पर बेच देता है। विदिशा जैसे जिले में यह स्थिति हमारी परिषदों की अव्यवस्था पर सीधा आघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि भावांतर में 2023 बुवाई में लाखों की मांगों के मानक जिलवार को बड़े दूर स्थानीय मूल्य का वादा किया था, लेकिन अब निर्णय बदलकर किसानों के कठिनाइयों का सही है। किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि सुधारमंत्री कार्यवाही नहीं की गई तो जिले के सभी किसान मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगे। इसी बीच पार्टी प्रतिनिधि की अनेक शिकायतें होने से कई सहकारी समितियों और उपार्जन केंद्रों पर किसानों की लंबी कतारें लगी रहीं। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिनीत दांगी ने बताया कि किसानों को यह उम्मीद थी कि इस बार उन्हें उचित दाम मिलेगा, लेकिन अधिकांश केंद्रों पर उपज अस्वीकृत होने से किसानों को मजबूरन कम दाम पर बेचना पड़ा। जिला मुख्यालय पर बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन होने। इस दौरान सुनीत पेलीकर, आरीफ खोखरी, रामराज सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे। किसान कांग्रेस ने साफ किया कि वह संघर्ष सिर्फ विदिशा का नहीं बल्कि पूरे मध्य प्रदेश के किसानों के भविष्य से जुड़ा है।

ज्ञापन में 4 मांगें

डीसीपी नीति बदल ली जाए ताकि खरीद राज्य स्तर पर लचीले मानकों के साथ हो सके।

एफसीआई से सीमे बिक्री पर रोक लगाई जाए और किसानों को मजबूरी में कम दाम पर बेचने की नौबत न आए।

मंडलवार, परिवहन और भाव वृद्धि के लिए विशेष आर्थिक पैकेज घोषित किया जाए।

पुरानी घोषणा—पत्र के अनुसार धान 3100, गेहूं 2700 रु. क्विंटल की दर सुनिश्चित की जाए।

दुर्गा नगर चौराहे पर शव रखकर कर चक्का जाम

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

नगरेश्वर के संविदा उपमंत्री नवीन खरे की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। वे शिवपुरी में पदस्थ थे। इलाज के दौरान एम्स में गुरुवार को उनका निधन हुआ। इसके बाद चौराहर कमीन 1 कुटे संविदा संगठन के कार्यकर्ताओं ने दुर्गा नगर चौराहे पर उनका शव रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने शिवपुरी कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ के खिलाफ नारेबाजी की। ये परिवार के एक सदस्य को संविदा नियुक्ति देने की मांग कर रहे थे। क्योंकि परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है। तीनों बेरोजगार हैं। बड़ी बेटी नावा, छोटा बेटा अक्षत, बड़े का नाम अनंत है। कमाने वाले सिर्फ नवीन थे। लेकिन उनकी मौत के बाद पूरा परिवार आर्थिक संकट में आ गया है। क्योंकि नवीन बेचकर बच्चों ने पिता का इलाज कराया था। सूचना मिलने पर एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने सिविल लाइन थाना प्रभारी को मौके पर भेजा। शहर के ट्रैफिक इंचार्ज अरविंद राय ने प्रदर्शनों से बात कर चक्काजाम खुलवाया। संविदा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सतीश कुमार समेते ने कहा कि यह मौत केवल बीकरी से नहीं, प्रशासनिक सिस्टम से हुई है। उन्होंने

ज्वॉइनिंग न मिलने से वे तनाव में थे, बीमार पड़े

परिजन ने बताया कि नवीन को 2012 में उपमंत्री पद से हटा दिया गया था। उन्होंने अदालत में केस लड़ा और डेढ़ साल पहले हाईकोर्ट से जीत हासिल की। इसके बाद भी उन्हें बहाल नहीं किया गया। ज्वॉइनिंग न मिलने से वे तनाव में थे। आर्थिक तंगी इतनी बढ़ गई कि उन्हें नवंबर तक बेचना पड़ा। आरोप लगाया कि हाईकोर्ट से फैसा जीतने के बाद भी शिवपुरी कलेक्टर ने नवीन खरे को ज्वॉइनिंग नहीं दी। उनसे एक लाख रुपए रिश्वत मांगी गई। इसी तनाव में वे बीमार हो गए।

घर लेने नहीं पहुंची एंबुलेस, दाई से कराया प्रसव, नवजात की मौत

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

गुरुवार को बस स्टैंड के पास मेन सब्जी मंडी में एक युवक ने हंगामा कर दिया। युवक ने एक महिला से 500 ग्राम मेथी की हरी भाजी खरीदी थी। उसे शक हुआ कि भाजी कम तौली गई है। पास की एक दुकान पर तौल कराई तो भाजी 100 ग्राम कम निकली। युवक ने महिला से शिकायत की महिला ने कहा कि तराजू में थोड़ी दिक्कत थी, अब ठीक हो गया है। युवक ने दोबारा तौल कराई, फिर भी भाजी 100 ग्राम कम निकली। इसके बाद दोनों में बहस शुरू हो गई। मौके पर भीड़ जुट गई। लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। कम मात्रा में भाजी तौल करने पर हुआ जमकर हंगामा।

दंड थाम कर एक पथ पर चलीं सास, बहू, देवरानी और बेटी

पंजाब मेल में सवार होकर भोपाल से विदिशा का सफर कर रहा था आरोपी

डीआर संवाददाता ✍ सर्वेश

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर गुरुवार को राष्ट्र सेविका समिति का पथ संचलन में महिलाएं और लिखोरिक दंड थामे कदमताल करती रहीं। संचलन में छात्रा था एक ही परिवार की सास, बहू और बेटी ने भी इसमें भाग लिया। ये परिवार पंजाबवाला निवासी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष उर्मिला यादव का था। परिवार की पांच महिलाओं ने सहभागिता की। उनके साथ देवरानी अनुराधा, बहू निकिता और सपनाजी चंचल यादव भी शामिल रहीं। इस परिवार के पुरुष सदस्य पहले भी संचलन में भाग ले चुके हैं। संचलन में एक ही परिवार की सास, बहू और बेटी दंड लेकर शामिल हुईं।

महिला परिवार की धुरी

संचलन की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर से हुई। जो छतरी नाका चौराहा, बासौदा रोड, शालीमार नाका होते हुए वापस शिशु मंदिर परिसर में समाप्त हुआ। कुल 5 किलोमीटर की दूरी तय की गई। शिशु मंदिर में हुए बौद्धिक सत्र में विदिशा विभाग की सहकार्यवाहिका रश्मि तलकार ने कहा कि संघ और समिति पंच परिवर्तन के ध्येय से कार्य कर रहे हैं। शिक्षिका कृष्णा श्रीवास्तव ने कहा कि महिला परिवार की धुरी होती है। नगर कार्यवाहिका अर्चना चौहान ने बताया कि नवोत्थान पथ संचलन का यह दूसरा वर्ष है।

जवाहर नवोदय विद्यालय में कार्तिक पूर्णिमा पर प्रेरक संबोधन

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

कार्तिक पूर्णिमा, गुरु नानक जयंती एवं देव दीपावली के पावन अवसर पर पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय गंजबासौदा में आध्यात्मिक एवं प्रेरक विचारों से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा "गुरु, प्रकाश और विद्या की त्रिवेणी" विषय पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए गए।

जितेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि आज का पावन दिवस केवल तिथियों का उत्सव नहीं, बल्कि ज्ञान, प्रकाश, भक्ति और सेवा का दिव्य संगम है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वरीय ज्ञान का साक्षात स्वरूप हैं, जो मानव जीवन को अज्ञान के अंधकार से निकालकर सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर अग्रसर करते हैं।

गुरु नानक जयंती हमें करुणा और एकता का संदेश देती है, तथा देव दीपावली दिव्यता और धर्म की विजय का प्रतीक है।

उन्होंने विद्यार्थियों को ऊपर गोपार तीन दीप जलाने का संदेश दिया-ज्ञान का दीप, भक्ति का दीप, और सेवा का दीप, ताकि जीवन में प्रकाश, करुणा और नैतिकता सदैव प्रज्वलित रहें। शिक्षकों विद्यार्थियों तथा स्टाफ ने उपस्थिति की।

72,491 किसानों ने ई-टोकन बुक किस्सखाद वितरण के लिए नई प्रणाली, विभाग बता रहा सफल

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा में किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों से बचाने के लिए सरकार ने ई-टोकन प्रणाली शुरू की है। यह पायलट प्रोजेक्ट 8 अक्टूबर से विदिशा, शाजापुर और आकोलपुर जिलों में लागू किया गया था। एक माह पूरा होने पर कृषि विभाग इसे सफल मान रहा है, क्योंकि लुप्त किसान अपने भी इसमें दिक्कतों महसूस कर रहे हैं।

कृषि विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 4 नवंबर तक विदिशा जिले में कुल 72,491 ई-टोकन बुक किए गए हैं। इनमें से 66,976 किसानों ने अपनी खाद प्राप्त कर ली है। विभाग का दावा है कि इस प्रणाली से किसानों को खाद के लिए लंबी लाइनों में लगने से राहत मिली है।

ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से अब तक 24,227 मीट्रिक टन खाद वितरित।कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इस प्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह किसानों की फार्मर आईडी पर आधारित है।

किसान मोबाइल ऐप या पोर्टल के माध्यम से टोकन बुक कर सकते हैं और अपनी पात्रता के अनुसार नजदीकी रिटेलर से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर गुप्ता ने आगे कहा कि यह व्यवस्था किसानों की सुविधा के लिए लागू की गई है।

उन्होंने बताया कि विदिशा जिले के किसानों ने इसे सकारात्मक किया है और ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से अब तक 24,227 मीट्रिक टन खाद वितरित की जा चुकी है।

वार्षिक उत्सव | स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन

छात्र- छात्राओं ने किया प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

पूरे विद्यालय परिसर में बच्चों की कलात्मक प्रस्तुतियों की जगमगाहट दिखाई दी, जिनमें नृत्य, संगीत, नाटक, विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी जैसी विविध गतिविधियों ने सर्वत्र को अविस्मरणीय बना दिया। छात्रों ने भारतीय सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हुए दक्षिण भारतीय नृत्य, बीहू, घूमर तथा कोगड़ा की ऊर्जावान प्रस्तुतियां दीं। विशेष का मूल्य, कुछ हमारे मित्र और ऑपरेशन सिंदूर जैसे नाट्य मंचनों ने सामाजिक जागरूकता, देशभक्ति और पर्यावरण संरक्षण के संदेश प्रभावी रूप से प्रस्तुत किए।

प्री-प्राइमरी बच्चों का हास्य-नाट्य आहा टमाटर विशेष रूप से सराहनीय रहा। बच्चों द्वारा तैयार साइंस एग्जीबिशन और आर्ट क्राफ्ट प्रदर्शनी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह दांगी, व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश जैन, समाजसेवी लक्ष्मी जैन, एपलसेल ग्रुप कैप्टन अनंत दीक्षित उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय के संचालक योगेंद्र सिंह राणा, डायरेक्टर कैप्टन सिंह राणा एवं कल्पनाताप सिंह राणा ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य विनय अग्रवाल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम उपलब्धियों की जानकारी दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

आयोजन की तैयारीयों की समीक्षा बैठक संपन्न

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विदिशा के अध्यक्ष श्री शेख सलीम के मार्गदर्शन में विदिशा न्यायालय के सभागार में "न्यायोत्सव विधिक सप्ताह" के सफल आयोजन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया गया कि न्यायोत्सव विधिक सप्ताह का आयोजन 09 नवम्बर से 14 नवम्बर 2025 तक किया जाएगा। इस अवधि में जिलेभर में विधिक जागरूकता बढ़ाने हेतु विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री नितेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि 09 नवम्बर को विधिक सप्ताह का शुभारंभ भैरवन चौक से किया जाएगा, जिसमें आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त जिला जेल, विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए जाएंगे। श्री तोमर ने बताया कि नारायणा स्कूल एवं शासकीय एमबीजेस्कूल में निःशुल्क एवं निःशुल्क प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जबकि मनमोहन स्कूल में विजय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सप्ताह के समापन दिवस 14 नवम्बर (शुक्रवार) को वात्सल्य स्कूल के विद्यार्थियों के साथ मिलकर साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव श्री तोमर ने कहा कि "न्यायोत्सव का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों में विधिक जागरूकता बढ़ाना तथा विधिक सेवाओं की जानकारी हर जन-जन तक पहुंचाना है, ताकि समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों को न्याय तक सरल एवं समान पहुंच सुनिश्चित हो सके।"

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 02 | राजगढ, दिन शुक्रवार, दिनांक 07नवंबर 2025

न्यूज गैलरी

नपा के आयुष्मान शाखा प्रभारी नेमावर में सड़क हादसे में घायल

नरसिंहगढ़। स्थानीय नगरपालिका में पदस्थ आयुष्मान शाखा के कर्मचारी अंकुर शर्मा गुरुवार को नेमावर में सड़क हादसे में घायल हो गए। फिलहाल उनका राजगढ़ में इलाज चल रहा है। वहां उनकी स्थिति बेहतर है। वे नरसिंहगढ़ से इंदौर जा रहे थे। तभी राजगढ़ हाइवे पर नेमावर के पास सड़क पर गाय बचे बचाने के प्रयास में उनकी बाइक फिसल गई। जिससे उनके हाथ–पैर और सिर में चोट आई। नेमावर पुलिस ने घायल अंकुर को राजगढ़ अस्पताल पहुंचाया। वहां उनका इलाज चल रहा है।

प्रदर्शनों के परिणामों की समीक्षा, नई तकनीकों पर सुझाव दिए

राजगढ़। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र राजगढ़ में 46वें वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक हायब्रिड मोड में आयोजित की गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एलके कौशिक ने स्वागत भाषण देकर बैठक के उद्देश्य बताए। बैठक में खरीफ–2025 की प्रगति रागेश्वा व रबी 2025–26 के लिए कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए। विभिन्न फसलों पर किए गए प्रदर्शनों के परिणामों की समीक्षा और नई तकनीकों पर सुझाव दिए गए।

चुनाव- 4 ने खींचे पर्चे 17 प्रत्याशी मैदान में

अशोकनगर। नगरीय रेलवाल सोसायटी के चुनाव आगामी 23 नवंबर को होंगे, जिसके लिए गुरुवार को अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया। शासकीय ली कॉलेज परिसर में दो प्रक्रिया चली, जिसमें एसडीएम सुभाष जिपाठी मौजूद रही। दस्तावेज स्क्रीन 9 साल बाद भारतीय रेलवाल सोसायटी के चुनाव होंगे। जिसके लिए 27 नवंबर को प्रक्रिया पूर्ण होगी। शासकीय ली कॉलेज में कुरावर को नामांकन और नाम वापसी की प्रक्रिया की गई, जिसमें 25 फार्म लिए गए थे जिन्में से 23 ने जमा किए। 4 ने अपने नाम वापस ले लिए। 17 प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित की गई। एसडीएम सुभाष त्रिपाठी ने बताया कि 10 से ज्यादा प्रत्याशी होने पर चुनाव होते हैं। जो निर्वाचनी है उसके अनुसार चुनाव होंगे।

आज से जिले में गूंजेगा वंदे मातरम, कार्यक्रम होंगे

अशोकनगर। देश के राष्ट्रगीत वंदे मातरम्‌के 150 साल पूरे होने पर 7 नवंबर से जिलेभर में वंदेमातरम की गूंज सुनाई देगी। सुबह 9:30 बजे सभी सरकारी दफ्तरों, स्कूल–कॉलेजों और प्रमुख स्थानों पर एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन होगा, इसके बाद 10 बजे से पीएम श्री लाइव संबोधन भी दिखाया जाएगा। अशोकनगर में मुख्य कार्यक्रम माधव भवन पुराना – बाजार में होगा।

डीएलएड परीक्षाएं 19 से

गुना। एक माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जिलेभर इन्ट्रेंस्टी एजुकेशन (डीएलएड) फर्स्ट और सेकंड ईयर द्वितीय अवसर परीक्षाएं इस महीने शुरू हो जाएंगी। यह परीक्षाएं 19 नवंबर से शुरू होंगी। परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएंगी। इसके तहत फर्स्ट ईयर की परीक्षा 29 नवंबर और सेकंड ईयर की परीक्षा 27 नवंबर तक आयोजित होंगी। मंडल ने स्पष्ट किया है कि कोई भी सार्वजनिक अथवा स्थायी अवकाश होने पर भी परीक्षाएं यथावत आयोजित की जाएंगी।

डिप्टी रेंजर को आरामशीन संचालकों और विधायक से मिल रही धमकियां

दर्द सुनाते हुए फफककर रोने लगे पीड़ित डिप्टी रेंजर, पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

डीआर संवाददाता ⋙ राजगढ़

वन विभाग के स्पेशल उड़नदस्ते द्वारा इन दिनों जिले के कई स्थानों पर पेड़ों की अवैध कटाई करने वालों सहित आरामशीन संचालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इन कार्रवाई से बौखलाए कुछ आरामशीन संचालक और उनके जुड़े लोगों ने उड़नदस्ते में शामिल डिप्टी रेंजर जान से मारने एवं गुर्दा काटने की धमकी दी है।

पीड़ित डिप्टी रेंजर ने इस बारे में पुलिस अधीक्षक अमित संजलना को लिखित शिकायत करते हुए खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी पर भी धमकी देने के आरोप लगाए हैं। डिप्टी रेंजर ने धमकी देने वालों पर एफआईआर दर्ज करते हुए सुरक्षा की मांग पुलिस अधीक्षक से की है। उल्लेखनीय है कि बीते एक महीने में वन विभाग के उड़नदस्ते द्वारा एक दर्जन से अधिक आरामशीनों को सीज करते हुए उन पर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। इन कार्रवाई से बौखलाए आरामशीन संचालक अक्सर पर हावी होते हुए उन्हें गला घोटने तक की धमकी दे रहे हैं।

क्या है पूरा मामला

वन विभाग के स्पेशल उड़नदस्ते में शामिल राजगढ़ निवासी डिप्टी रेंजर मोहन सिंह सेंगरिया ने बताया कि गत 27 एवं 28 अक्टूबर को टीम द्वारा छापीहेड़ा एवं जीरापुर में संचालित आरामशीनों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज किया गया था। इन आरामशीनों में गीली लकड़ी पाई गई थी वहीं संचालकों के पास वैध दस्तावेज भी नहीं था इसके बाद उड़नदस्ते द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गई। इन कार्रवाई से आहत कालूराम पिता बापूलाल विश्वकर्मा छापीहेड़ा, गब्बर पिता हसीन खान निवासी जीरापुर, रमेश पिता कालू विश्वकर्मा निवासी खातरा जीरापुर एवं नदेश पिता जगन्नाथ रावीर निवासी जीरापुर डिप्टी रेंजर की सोनरिया को गाला और गुर्दा काटने की धमकियां फोन पर दे रहे हैं।

कार्यालय में आकर ही दे डाली धमकी

अस्पताल मिल रही धमकियों से परेशान डिप्टी रेंजर सोनरिया ने रोते–रोते बताया कि कुछ धमकियां जहां फोन पर दी गई वहीं 4 नवंबर को गब्बर खान खुद उड़नदस्ता कार्यालय आया और शुभशुदकी करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उनको यहां तक कहा गया कि कहना नहीं तो जिंदा नहीं लौटेंगे।

खिलचीपुर विधायक पर धमकी देने के आरोप

शिकायतकर्ता डिप्टी रेंजर सोनरिया ने अपने लिखित शिकायत में बताया कि 29 अक्टूबर को जब उनके द्वारा महेश पिता जगन्नाथ जीरापुर की आरामशीन सीज की गई तो उसके बाद खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी ने भी आरामशीन पर आगे से न आने और देख लेने की धमकी दी है।

मैंने नहीं दी धमकी

मैंने किसी को कोई धमकी नहीं दी है। जिन डिप्टी रेंजर को आप बात कर रहे हैं उनकी तो मोरल स्तर से जांच भी चल रही है।

हजारीलाल दांगी, विधायक, खिलचीपुर

भाजपा नेता के घर में घुसकर गुलेल से हमल दो घायलय

डीआर संवाददाता ⋙ सुजलिया

राजगढ़ के सारंगपुर में बुधवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष और प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी गोकुल दंडवानी के घर पर दबंगों की कोशिश की गई। परिवार की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़ी वारदात टल गई, लेकिन बदमाशों के गुलेल से किए गए हमले में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह घटना पाडल्या रोड चार्ड क्रमांक 07 की है। रात करीब 1 बजे गोकुल दंडवानी ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कुछ संदिग्ध लोगों को दीवार कूदकर घर में घुसते देखा। उन्होंने तुरंत परिवार को सतर्क किया और सभी छत पर जाकर देखने लगे। जैसे ही परिवार ने शोर मचाया, बदमाशों ने गुलेल से पथराव कर हमला कर दिया।

दो पर हमला, चेहरे और आंखों में आई गंभीर चोटें

गुलेल से किए गए हमले में योगेश दंडवानी (पुत्र) और राजेश दंडवानी (भतीजे) के चेहरे और आंखों में गंभीर चोटें आईं। दोनों लहूलुहान हो गए और उन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। अफरा–तफरी के दौरान एक बदमाश भागने की कोशिश में दीवार से फिसलकर नीचे गिर पड़ा, जिसे स्थानीय लोगों ने रंगेहाथ पकड़ लिया।

सूचना मिलते ही एसडीओपी अरविंद सिंह और थाना प्रभारी आरक्षक हाड़ा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों ने पकड़े गए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है और अन्य फरार बदमाशों की तलाश में कपिलेश्वर मेले सहित आसपास के इलाकों में दबिश दी जा रही है।

कॉलेज प्रशासन पर पक्षपात का आरोपय ने ,आरोपों को नकारा

डीआर संवाददाता ⋙ ब्यावरा

ब्यावरा शासकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक के बाद गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (संघ) ने विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई ने कॉलेज प्राचार्य आरके गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर सोमवार तक कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और प्राचार्य के बीच बहस भी हुई।एनएसयूआई ने आरोप लगाया है कि कॉलेज प्रशासन और कुछ शिक्षक एबीवीपी का समर्थन कर रहे हैं। उनके अनुसार, परिसर में एबीवीपी विद्यालय के नाते लगातार शैक्षणिक वातावरण को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है।लापूजई के अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर का कहना है कि कॉलेज परिसर में किसी भी छात्र संगठन को बिना अनुमति के कार्यक्रम आयोजित करने की इजाजत नहीं है। इसके बावजूद शिक्षकों की मौजूदगी में एबीवीपी की बैठक हुई। एनएसयूआई के छात्रों ने संकेतित शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग की।इस विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्र नेता संजय पंवार, विक्रमसिंह उपाध्याय, लाला गुर्जर, कमल अग्रवाल,संदीप लोधी और नगर अध्यक्ष आशु शर्मा सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे।

जांच दल ने पीएचई का रिकार्ड अपने कब्जे में लिया

गुना। पीएचई के अधिक घोटाले की परतें खुलने लगी हैं। मामले की जांच के लिए गठित दल ने गुरुवार को समस्त रिकॉर्ड अपने कब्जे में ले लिया। पीडब्ल्यूडी ईई की अध्यक्षता में गठित दल को अगले चार दिन में रिपोर्ट सौंपनी है। वहीं इस गड़बड़ी में कई अधिकारियों की भूमिका संदेह के दायरे में आ गई है।

सूत्र बताते हैं कि यह गड़बड़ी एक ही कंपनी द्वारा भुगतान से जुड़ा है। यह भुगतान बगैर कार्य का बताया जा रहा है। कंपनी को भुगतान कर दिया गया, लेकिन इसके बिल व अन्य दस्तावेजों पर बड़ा सवाल हावाहार हुए। इस मामले में पूर्व प्रभारी ईई आरएल शाक्यवार के अलावा डिवीजनल एक्जीक्यूटिव ऑफिसर निकेतन कुमार और सब इंजीनियर अजय जाब के घेरे में हैं। जिन्हीं की कंपनी को अगर कोई भुगतान होना है तो उक्त अधिकारियों की अंतिम के सहमति से ही कराई गुजरेगी। गठित सब इंजीनियर बिल बनाएंगे। ईई के इस पर हस्ताक्षर होने और एक्जीक्यूटिव ऑफिसर कोर्टल के माध्यम से पेमेंट आगे बढ़ाएंगे। ऐसे में अगर कोई गड़बड़ी हुई है।

उदयपुर से लौट रहे प्रधान आरक्षक की कार में ट्रक ने मारी टक्कर,

डीआर संवाददाता ⋙ ब्यावरा

ब्यावरा के सिटी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह सड़क हादसा ब्यावरा पुतलिया के नेशनल हाइवे स्थित गोकलखेड़ी गांव के समीप गुरुवार सुबह 6:30 बजे हुआ। ट्रक से हुई सीधी भिड़ंत में प्रधान आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल के समीप खेतों में पानी दे रहे किसान व सुतालिया पुलिस ने आल्टो कार की स्टेयरिंग सीट से बाहर निकालकर सुतालिया अस्पताल लेकर गए। बाद में घायल को ब्यावरा के निजी अस्पताल में रेफर किया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। यहां बता दें, प्रधान आरक्षक सर्जन सिंह मीना 37 का कुछ महीने पहले ही सुतालिया थाने से ब्यावरा के सिटी थाने में तबादला हुआ था। वारंट तामील कराकर लौट रहे थे। राजस्थान के उदयपुर में एक वारंट तामील कराकर लौट रहे और ड्यूटी पर ही थे। उदयपुर से लौटकर सुतालिया जा रहे थे। वे हादसे की सूचना मिलते ही एसडी अमित तोलानी, एसडीओपी प्रकाश सिंह और थाना प्रभारी वरिष्ठ थाकड़ मौके पर पहुंचे। साथ ही पोस्टमार्टम के दौरान सिविल अस्पताल में मौजूद रहे।

जिला विकास (दिशा) की बैठक 10 नवम्बर को

डीआर संवाददाता ⋙ राजगढ़

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 10 नवम्बर, 2025 को दोपहर 02:00 बजे कलेक्ट्रेट राजगढ़ सांसद रोड़मल नागर की अध्यक्षता एवं सांसद (लोक सभा) श्री दिग्विजय सिंह की सह–अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (छूट गये हितग्राहियों के नाम आवास प्लस के तहत) सम्मिलित करने, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (छूट गये हितग्राहियों के नाम आवास प्लस के तहत) सम्मिलित करने, जल निगम राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के तहत घर–घर जल अभियान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के तहत घर–घर जल अभियान, जल संरक्षण विभाग तथा नोहानपुरा–कुण्डालिया तथा बुदर सिंगाई परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति, कृषि एवं पशुपालन योजनाओं, जैविक कृषि को बढ़ावा देने के प्रयासों के नवाचारों के सुखद परिणामों पर परिचर्चा और प्रोत्साहन व प्रशंसा कार्य, लोक निर्माण विभाग तथा निर्माणाधीन चिकित्सा महाविद्यालय की अद्यतन स्थिति पर समीक्षा की जाएगी।

प्रताड़ना से तंग आकर 17 वर्षीय नाबालिग ने खाया जहर,

डीआर संवाददाता ⋙ ब्यावरा

ब्यावरा मलावर थाने के अंतर्गत एक 17 वर्षीय नाबालिग को जहर खाने के बाद गंभीर हालत में मिलिल अस्पताल में भर्ती कराया है। नाबालिग के पिता का आरोप है कि आरोपी गांव का सुनील उनकी बेटी को बीत कई दिनों से परेशान कराता है। इससे पहले भी नाबालिग को परेशान करने पर छेड़खानी का मामला दर्ज करवाया था। दो–तीन से आरोपी उनकी बेटी को परेशान करने के साथ उनके साथ मारपीटमीट कर रहा था। गुरुवार को उसने उसे परेशान किया, जिससे नाबालिग ने युवक की प्रताड़ना से तंग आकर जहर खा लिया। परिजनों द्वारा गंभीर हालत में नाबालिग को सिविल अस्पताल में भर्ती किया है। मलावर थाना प्रभारी अमय सिंह ने बताया कि नाबालिग और आरोपी के खेत आसपास लगे हुए हैं। पहले से दोनों परिवार के बीच विवाद चल रहा है। नाबालिग द्वारा पहले छेड़खानी का मामला दर्ज करवाया था। उन्होंने बताया कि नाबालिग को परिजन इलाज के लिए शाजापुर सिविल अस्पताल लेकर चले गए थे।

एमएलसी थाने में आते ही नाबालिगऔर परिजनों के बयानों को आधार मामला दर्ज कर जांच की जाएगी।

लोकार्पण पूजा-अर्चना, दो करोड 68 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नारायण सिंह पंवार ने छापी मईया की महाआरती

डीआर संवाददाता ⋙ जीरापुर

जीरापुर में आस्था, संस्कृति और विकास का संगम राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नारायण सिंह पंवार ने छापी मईया की महाआरती में की पूजा–अर्चना, दो करोड़ 68 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

कार्तिक पूर्णिमा और गौरव दिवस के पावन अवसर पर जीरापुर का छापी बांध परिसर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर हो उठा। दीपों की जगमग रोशनी और कतिपय स्तर लहरियों के बीच छापी मईया की दिव्य महाआरती एवं पुनर अर्पण समर्पण का भव्य आयोजन हुआ। उक्त आयोजन में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने मां छापी मईया की पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि "मां छापी मईया की कृपा से जीरापुर नगर निरंतर उन्नति के मार्ग पर अग्रसर है।

कार्यक्रम के अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने 2 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से पूर्ण विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया जिसमें विभिन्न वार्डों में सी सी रोड निर्माण और नगर में स्ट्रीट लाइट कार्य शामिल हैं। गौरव दिवस पर आयोजित अखिल भारतीय कोरी सम्मेलन में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने शिरकत की। इस अवसर पर नगर परिषद जीरापुर की अध्यक्ष प्रतिनिधि पदम कुशवाह, नगर परिषद उपाध्यक्ष हेमंत जोशी, ईश्वर लोधर, विष्णु पंवार सहित जनप्रतिनिधियों व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

दो पक्षों में खूनी संघर्षय थाने में डबल एफआईआर

डीआर संवाददाता ⋙ पचलूर

साझा कुएं के पानी और 70 हजार रुपए के हिसाब को लेकर पनिया कठेमूर गांव में दो पक्षों के बीच जबरदस्त टकराव हो गया। शुक्रवार आधी भोर के अंतराल में हुए इस हिंसक संघर्ष में एक पक्ष की महिला का सिर फूट गया, जबकि दूसरे पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर लाठी–डंडों से मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर कुल 9 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस चौकी राजगुर से मिली जानकारी के अनुसार गंगाराम कंजाड़ अपने बेटों के साथ साझा कुएं में मोटर डालने गए। गंगाराम का आरोप है कि दूसरे पक्ष के बबलू यादव, पप्पू और विनोद ने आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए लाठी–डंडों से उन्हें और उनके बेटों को पीटा। जब गंगाराम की पत्नी गंगाबाई और गौराबाई ने बचाव किया, तो शिवजीत और कल्ला यादव ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे गंगाबाई के सिर से खून बहने लगा।

ठीक इसके बाद दूसरे पक्ष के शिवजीत यादव भी घायलों (स्वयं, पत्नी सपं कुसुमपाल और बबलू यादव) के साथ चौकी पहुंचे। शिवजीत ने आरोप लगाया कि जब वे हिंसक की बात कर रहे थे, तो गंगाराम और उनके बेटे मुकेश ने गालियां दीं और उन्हें डंडों और हाथों से पीटा।

उन्होंने आरोप लगाया कि हिस्सिह और नवल कंजाड़ ने भी आकर उनके साथियों से मारपीट की। पुलिस ने दोनों शिकायतों पर मामला दर्ज कर लिया है।

छप्पन भोग और अन्नकूट का हुआ आयोजन

राजगढ़। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर कुरावर पुरे नगर के प्राचीन लक्ष्मीनारायण मंदिर में पारंपरिक रूप से छप्पन भोग दर्शन और अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। शाम को विशेष पूजा–अर्चना और भजन–कीर्तन के बाद रात्रि 7:30 बजे महाआरती संपन्न हुई। मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हर वर्ष मंदिर में विशेष पूजा, छप्पन भोग और अन्नकूट का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान लक्ष्मीनारायण को 56 प्रकार के व्यंजन अर्पित कर सुख–समृद्धि की कामना की। नगर का लक्ष्मीनारायण मंदिर राजशाही काल में तत्कालीन रानी द्वारा स्थापित कराया गया था और इसे शहर के सबसे प्राचीन मंदिरों में गिना जाता है।